# UPPCS (Lower) Mains 2013 (G.S)

## [Series - A :: Code - LTI - 1]

1. निम्नलिखित शब्द-युग्मों में से गलत अनुक्रम को चुनिये:
   (a) ताजमहल — आगरा
   (b) लाल किला — दिल्ली
   (c) अमृतसर — स्वर्ण मन्दिर
   (d) इन्डिया गेट — नई दिल्ली
2. A, B और C की माँ हैं। यदि D, C के पति हैं तो A, D को क्या हैं?
   (a) माँ (b) बहन
   (c) सास (d) चाची
3. निम्नलिखित में से कौन-सा एक अन्य तीन पदों से भिन्न है?
   (a) हिरण (b) गीदड़
   (c) ज़ेब्रा (d) घोड़ा
4. बेमेल पद ज्ञात कीजिये :
   (a) कपड़ा (b) रूई धागा
   (c) रेशम धागा (d) पटसन धागा
5. वायु एवं जल में क्या समानता है?
   (a) मनुष्य वायु अथवा जल में नहीं रह सकते।
   (b) दोनों बहते रहते हैं।
   (c) दोनों जीवन के लिये आवश्यक हैं।
   (d) दोनों मुफ्त में उपलब्ध हैं।
6. निम्नलिखित में से कौन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक का पीठासीन होगा?
   (a) राष्ट्रपति
   (b) प्रधानमंत्री
   (c) राज्य सभा का सभापति
   (d) लोक सभा का अध्यक्ष
7. संविधान का कौन सा अनुच्छेद मुख्यमंत्री के दायित्वों को परिभाषित करता है?
   (a) अनुच्छेद 162 (b) अनुच्छेद 164
   (c) अनुच्छेद 165 (d) अनुच्छेद 167
8. संविधान की व्याख्या से सम्बन्धित सभी विवाद सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लाए जा सकते हैं, इसके
   (a) प्रारम्भिक क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत
   (b) अपीलीय क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत
   (c) परामर्शदात्री क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
9. भारत में संसद मिलकर निर्मित होती है
   (i) राष्ट्रपति (ii) राज्य सभा
   (iii) लोक सभा (iv) उप राष्ट्रपति

   निम्न कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये:
   कूट:
   (a) (i), (ii) तथा (iii) (b) (ii) तथा (iii)
   (c) (i), (iii) तथा (iv) (d) (i), (ii), (iii) तथा (iv)
10. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा निम्न कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये :

| सूची-I (राष्ट्रपति) | सूची-II (अवधि) |
|---|---|
| A. फखरुद्दीन अली अहमद | 1. 1969-1974 |
| B. एन. संजीवा रेड्डी | 2. 1974-1977 |
| C. डॉ. ज़ाकिर हुसेन | 3. 1977-1982 |
| D. वी.वी. गिरी | 4. 1967-1969 |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

11. निम्नलिखित में से किस वाद में भारतीय संविधान के 'मूलभूत ढाँचे' की अवधारणा प्रतिपादित की गई है?
    (a) इन्द्रा साहनी वाद
    (b) संकरी प्रसाद का वाद
    (c) रुदल शाह का वाद
    (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
12. भारतीय संविधान की किस अनुसूची में दल-बदल विरोधी कानूनों को रखा गया है?
    (a) छठी अनुसूची में
    (b) नौंवी अनुसूची में
    (c) दसवीं अनुसूची में
    (d) उपरोक्त में से किसी में नहीं
13. नीचे दो कथन दिये गए हैं, एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है :
    **कथन (A) :** आनुपातिक प्रतिनिधित्व की प्रणाली अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधित्व की समस्या का कुछ हद तक समाधान कर सकती है।
    **कथन (R) :** आनुपातिक प्रतिनिधित्व की प्रणाली नृजातीयता, लिंग, हितों और विचारधाराओं पर आधारित सभी प्रकार के समूहों के यथोचित प्रतिनिधित्व को सुलभ बनाती है।



Drishti IAS

नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये :

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या है (A) की।

(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।

(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।

(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

14. नीचे दो कथन दिये गए हैं, एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**कथन (A) :** मनरेगा दर अर्ह परिवार के कम से कम एक सदस्य को वर्ष में 100 दिन का रोज़गार दिलाने का प्रावधान करता है।

**कथन (R) :** रोज़गार का अधिकार संविधान के भाग III में प्राविधित है।

नीचे दिये गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये:

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R) सही स्पष्टीकरण है (A) का।

(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है (A) का।

(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।

(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

15. निम्नलिखित में से कौन राज्यपाल को पद की शपथ ग्रहण करवाता है?

(a) भारत का राष्ट्रपति

(b) सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

(c) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

(d) सम्बन्धित राज्य के निवर्तमान राज्यपाल

16. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के संघ के लेखा सम्बन्धी प्रतिवेदनों को सर्वप्रथम निम्न में से किसको प्रस्तुत किया जाता है?

(a) लोक लेखा समिति के अध्यक्ष को

(b) लोक सभा के अध्यक्ष को

(c) भारत के कानून मंत्री को

(d) भारत के राष्ट्रपति को

17. भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अधीन भारत के राष्ट्रपति को अध्यादेश जारी करने की शक्ति प्राप्त है?

(a) अनुच्छेद 356 (b) अनुच्छेद 360

(c) अनुच्छेद 200 (d) अनुच्छेद 123

18. केन्द्र तथा राज्यों के मध्य वित्त का विभाजन निम्न में से किसकी संस्तुतियों के आधार पर होता है?

(a) योजना आयोग के

(b) लोक लेखा समिति के

(c) वित्त आयोग के

(d) राष्ट्रीय विकास परिषद् के

19. राज्य सभा धन विधेयक को रोक सकती है

(a) 14 दिन तक

(b) 3 महीने तक

(c) 6 महीने तक

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

20. निम्न में से किस राज्य में विधान परिषद नहीं है?

(a) बिहार में (b) महाराष्ट्र में

(c) राजस्थान में (d) कर्नाटक में

21. भारत में प्रत्येक पंचायत का कार्यकाल किस दिनांक से पाँच वर्ष का होता है?

(a) अपने प्रथम अधिवेशन के लिये निर्धारित तिथि से

(b) चुनाव की अधिघोषणा की तिथि से

(c) चुनाव परिणामों की घोषणा की तिथि से

(d) सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण की तिथि से

22. पंचायत निर्वाचन हेतु राज्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया जाएगा

(a) भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा

(b) भारत के राष्ट्रपति द्वारा

(c) राज्य के राज्यपाल द्वारा

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

23. निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन अधिनियम से नगरपालिकाओं को संवैधानिक प्रस्थिति की गई है?

(a) संविधान (तिहत्तरवाँ संशोधन) अधिनियम, 1992

(b) संविधान (चौहत्तरवाँ संशोधन) अधिनियम, 1992

(c) संविधान (पचहत्तरवाँ संशोधन) अधिनियम, 1993

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

24. निम्नलिखित में से कौन भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित नहीं है?

(a) सामाजिक न्याय (b) आर्थिक न्याय

(c) राजनीतिक न्याय (d) धार्मिक न्याय

25. पंचायत की संरचना में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही नहीं है?

(a) किसी राज्य का विधान मण्डल विधि द्वारा पंचायत की संरचना के लिये उपबंध कर सकेगा।

(b) ग्राम सभा गाँव स्तर पर अपनी शक्तियों का प्रयोग करेगी।

(c) प्रत्येक राज्य, ग्राम, मध्य और जिला स्तर पर पंचायत का गठन करेगा।

(d) ऐसे राज्य जिनकी जनसंख्या बीस लाख से अधिक नहीं है वे मध्य स्तर पर पंचायत का गठन नहीं कर सकेंगे।

Drishti IAS

26. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सामुदायिक विकास का पहला स्थापित कार्यक्रम है?
   (a) राष्ट्रीय प्रसार सेवा
   (b) समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम
   (c) सहकारिता आन्दोलन
   (d) सामान्य सहायता अनुदान कार्यक्रम

27. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| | सूची-I (समितियाँ) | सूची-II (सुझाव) |
|---|---|---|
| A. | बलवन्तराय मेहता | 1. द्वि-स्तरीय पद्धति |
| B. | अशोक मेहता | 2. त्रि-स्तरीय पद्धति |
| C. | एल.एम. सिंघवी | 3. प्रतिनिधित्व के तरीके में सुधार |
| D. | जी.वी.आर. राव | 4. स्थानीय स्वशासन पद्धति |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

28. निम्नलिखित में से किस संवैधानिक संशोधन से 'सम्पत्ति का अधिकार' समाप्त किया गया?
   (a) 24वाँ (b) 25वाँ
   (c) 42वाँ (d) 44वाँ

29. निम्नलिखित में से मोहनदास करमचंद गांधी किसके लिये सर्वाधिक जाने जाते हैं?
   (a) भारतीय स्वतंत्रता को प्राप्त करने के लिये निष्क्रिय विरोध करने के लिये।
   (b) एक इस्लामी राष्ट्र स्थापित करने की इच्छा के लिये।
   (c) हिन्दुओं द्वारा राजनीतिक कार्यालय करने का विरोध करने के लिये
   (d) ब्रिटिश राज को समाप्त करने की हिंसा को प्रोत्साहित करने के लिये

30. ब्रिटिश निर्मित उत्पादों का गांधी का बहिष्कार प्रभावी हुआ क्योंकि ब्रिटेन भारत को एक बड़ा
   (a) नौपरिवहन केन्द्र समझता था।
   (b) औद्योगिक केन्द्र समझता था।
   (c) निर्मित वस्तुओं का बाजार समझता था।
   (d) खनिज संसाधनों का स्रोत समझता था।

31. निम्न कथनों में से गांधी के संदर्भ में कौन सही है?
   (a) जातिविहीन अछूतों की दशा में सुधार के लिये कठोर संघर्ष किया।
   (b) असहयोग आन्दोलन शुरू किया।
   (c) सविनय अवज्ञा आन्दोलन शुरू किया।
   (d) उपर्युक्त सभी।

32. गांधीजी द्वारा शुरू किया गया एक साप्ताहिक पत्र 'हरिजन' का प्रथम अंक 11, फरवरी 1933 को निम्न शहरों में से कहाँ से प्रकाशित किया गया?
   (a) बम्बई (आज मुम्बई) से
   (b) अहमदाबाद से
   (c) पूना (आज पुणे) से
   (d) नासिक से

33. निम्न में से किस वर्ष में एम.के. गांधी ने 'हिन्द स्वराज' लिखी?
   (a) 1908 में (b) 1909 में
   (c) 1910 में (d) 1914 में

34. गांधी के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा सही है?
   (a) बिना मार्क्सवाद के मार्क्सवादी
   (b) बिना समाजवाद के समाजवादी
   (c) बिना व्यक्तिवाद के व्यक्तिवादी
   (d) समाजवादियों में एक व्यक्तिवादी और समाजवादियों में एक मार्क्सवादी

35. 'गोखले माई पोलिटिकल गुरु' पुस्तक किसने लिखी है?
   (a) एम.ए. जिन्ना ने (b) एम.के. गांधी ने
   (c) शौकत अली ने (d) सी.आर. दास ने

36. एम.के. गांधी के अनुसार अस्पृश्यों का सामाजिक-आर्थिक सुधार सम्पन्न किया जा सकता है
   (a) उनके मन्दिर प्रवेश द्वारा
   (b) उन्हें सहायता प्रदान करके
   (c) उनके सामाजिक-आर्थिक विकास हेतु कोष अलग करके
   (d) उनके लिये कुटीर उद्योग स्थापित करके।

37. गांधीजी के ट्रस्टीशिप के सिद्धान्त के प्रतिपाद्य के सम्बन्ध में निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही है?
   (a) दक्षिण अफ्रीका - 1903
   (b) लन्दन - 1904
   (c) दिल्ली - 1905
   (d) अहमदाबाद - 1906

38. गांधीवादी अर्थव्यवस्था के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है?
   (a) वे अहिंसा पर आधारित अर्थव्यवस्था पर बल देते थे।
   (b) केन्द्रीकरण शोषण और असमानता को जन्म देता है, अतएव अहिंसक सामाजिक संरचना केन्द्रीकरण विरोधी है।

Drishti IAS

(c) वे भारत में मशीनीकरण के पक्षधर नहीं थे।

(d) वे यू.एस.ए. में मशीनीकरण के पक्षधर नहीं थे।

39. गांधी की सत्याग्रह रणनीति में निम्नलिखित में से किसे सबसे अन्तिम स्थान प्राप्त है?

(a) बहिष्कार (b) धरना

(c) उपवास (d) हड़ताल

40. गांधीजी ने राजनीति का जो प्रतिमान प्रस्तुत किया है, निम्न में से कौन-सी विशेषता उसमें नहीं है?

(a) नैतिकता (b) धर्म

(c) मानवता (d) सत्ता

41. गांधीवादी विचारधारा किनसे प्रभावित रही है?

(a) रस्किन से (b) थोरो से

(c) टाल्सटॉय से (d) उपर्युक्त सभी से

42. गांधीजी के सिद्धान्त के अनुसार निम्न में से कौन-सा एक कथन सही नहीं है?

(a) सत्याग्रही का उद्देश्य शत्रु को पराजित करना है।

(b) सत्याग्रही का शस्त्र अहिंसा है।

(c) सत्याग्रही को अपने संकल्प में दृढ़ विश्वास होना चाहिये।

(d) सत्याग्रही को विरोधियों के प्रति द्वेष भाव नहीं रखना चाहिये।

43. महात्मा गांधी के अनुसार राजनीति का तात्पर्य था :


(a) धर्म विहीन राजनीति

(b) जनकल्याण के लिये सक्रियता

(c) सत्यविहीन राजनीति

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

44. ग्राफ




में रेखा AB का समीकरण है


(a) $X + Y = 2$

(b) $X + Y = 1$

(c) $X + Y = 3$

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

45. निम्नलिखित चित्र किसी क्षेत्र में जमीन के तीन उपयोगों के अन्तर्गत अर्थात् जुताई, बिना जुताई तथा वन क्षेत्रों के प्रतिशत को दर्शाता है। क्षेत्र का कुल क्षेत्रफल 500 एकड़ है।





जुताई क्षेत्र बिना जुताई क्षेत्र से कितना एकड़ अधिक है?

(a) 27 (b) 135

(c) 0.27 (d) 295

46. निम्न चित्र कुल बजट ₹ 300.4 लाख में से पाँच विभिन्न विभागों - A, B, C, D तथा E को आबंटित राशियों के प्रतिशत को दर्शाता है :





यदि कुल बजट में से A तथा D विभागों के आबंटन में क्रमश: 25% तथा 10% की कमी कर दी जाय तो कितनी बचत प्राप्त की जा सकती है?

(a) ₹ 39 लाख (b) ₹ 157.71 लाख

(c) ₹ 37.55 लाख (d) कोई बचत नहीं

47. निम्नलिखित पाई-चित्र वर्ष 1995 में मुम्बई शहर को विभिन्न झीलों द्वारा जल सप्लाई को दर्शाता है। 1995 में झीलों द्वारा कुल जल सप्लाई 72,000 मिलियन गैलन प्रति माह था। यदि मुम्बई की जनसंख्या 1.25 करोड़ है तो यह मानकर कि झीलों द्वारा जल सप्लाई किये गए जल से मुम्बई की आवश्यकताएँ पूरी हो जाती हैं, प्रति वर्ष प्रति व्यक्ति जल खर्च (गैलन में) है :




(a) 6912 (b) 8640

(c) 8760 (d) 7860

Drishti IAS

48. भारतवर्ष के किसी शहर में वर्ष 2010 में आयु वर्गो 0-20, 20-40, 40-60 तथा 60-80 वर्षों में क्रमशः 15, 45, 32 तथा 8 प्रतिशत जनसंख्या पाई गई। यदि इन तथ्यों को पाई-चित्र के रूप में दर्शाया हो तो आयु वर्ग 40-60 वर्ष तथा 0-20 वर्ष की जनसंख्याओं द्वारा बनाए गए कोणों का अन्तर क्या होगा?

(a) $17^0$ (b) $115.2^0$

(c) $15^0$ (d) $61.2^0$

49. संख्या शृंखला में एक पद गलत है। उस गलत पद को ज्ञात करें।

196, 169, 144, 121, 80

(a) 80 (b) 121


(c) 169 (d) 196

50. दो पांसे फेंकने पर योग 10 मिलने की प्रायिकता होगी

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{1}{5}$

(c) $\frac{1}{7}$ (d) $\frac{1}{12}$

51. नीचे दिये गए चित्र में विवाह के समय दूल्हों की संख्या का प्रतिशत उनकी योग्यता के अनुसार दिया गया है। स्नातक योग्यता रखने वाले दूल्हों का खण्ड केन्द्र पर कितने डिग्री का कोण बनाएगा?




(a) 90% (b) 66%

(c) 72% (d) 80%

52. आँकड़ों के समुच्चय में 25 प्रेक्षण हैं तथा माध्यिका 25 है। यदि प्रेक्षण को दुगुना कर दिया जाय तो नई माध्यिका होगी

(a) 25 (b) 50

(c) 12.5 (d) 100

53. दो चरों X तथा Y के बीच सम्बन्ध $2X + 3Y - 5 = 0$ है तथा X का माध्य 2 है, तो Y का माध्य होगा

(a) $\frac{1}{3}$ (b) $\frac{2}{3}$

(c) $\frac{3}{2}$ (d) 3

54. 'स्कूल ऑफ पेपर टेक्नॉलोजी' स्थित है

(a) रामपुर में (b) गोरखपुर में

(c) झाँसी में (d) सहारनपुर में

55. संगीत शिक्षा प्रदान करने हेतु उत्तर प्रदेश में स्थापित प्रथम संगीत महाविद्यालय कौन है?

(a) प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद

(b) भारत कला भवन, वाराणसी

(c) भातखण्डे हिन्दुस्तानी संगीत महाविद्यालय, लखनऊ

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

56. विद्या वाहिनी परियोजना निम्न में से किस पर बल देती है?

(a) कम्प्यूटर शिक्षा पर (b) मूल्य शिक्षा पर

(c) पर्यावरणी शिक्षा पर (d) कौशल विकास पर

57. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| सूची-I (स्थल) | सूची-II (कॉलेज का नाम) |
|---|---|
| A. झाँसी | 1. जी.एस. विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज |
| B. कानपुर | 2. बाबा राघवदास मेडिकल कॉलेज |
| C. आगरा | 3. महारानी लक्ष्मी मेडिकल कॉलेज |
| D. गोरखपुर | 4. एस.एन. मेडिकल कॉलेज |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

58. निम्न में से किसके उत्पादन का केन्द्र मेरठ है?

(a) जूते-चप्पल के (b) खेल के सामान के

(c) मिट्टी के बर्तन के (d) रबर उत्पाद के

59. उत्तर प्रदेश में नकारात्मक औद्योगिक विकास दर रही :

(a) चौथी योजना में (b) छठी योजना में

(c) नवीं योजना में (d) ग्यारहवीं योजना में

60. जनगणना 2011 के अनुसार उत्तर प्रदेश में कामगारों के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-सा कथन सही है?

(a) उत्तर प्रदेश में सभी श्रेणियों के कामगारों की संख्या सर्वाधिक है।

(b) उत्तर प्रदेश में कृषि एवं घरेलू उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों की संख्या 3.0 मिलियन है।

(c) उत्तर प्रदेश में कामगारों की संख्या 20 मिलियन है।

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

Drishti IAS

61. उत्तर प्रदेश में पंचायती राज प्रणाली का शुभारम्भ हुआ था, वर्ष
(a) 1951 में (b) 1956 में
(c) 1959 में (d) 1948 में

62. निम्न में से कौन-सा नगर उत्तर प्रदेश का खेल का सामान बनाने वाला सबसे बड़ा केन्द्र है?
(a) मुरादाबाद (b) कानपुर
(c) हाथरस (d) अलीगढ़

63. जनगणना 2011 के अनुसार उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक साक्षरता वाला ज़िला है
(a) कानपुर (b) गाज़ियाबाद
(c) गौतमबुद्ध नगर (d) इटावा


64. चिन्तन समस्या समाधान के एक साधन के रूप में अधिक प्रभावकारी होता है, यदि उसमें सम्मिलित हो :
(a) मानसिक प्रयास एवं त्रुटि
(b) गत्यात्मक पुर्नगठन
(c) आनुक्रमिक तर्कणा (d) संवर्द्धित संप्रत्ययीकरण

65. जब कोई व्यक्ति किसी निर्णय के वांछित लक्ष्य के बारे में काफी कम जानता हो और जब निर्णय विकल्प अस्पष्ट हो तो ऐसी परिस्थिति कहलाती है
(a) संदिग्ध (b) निश्चित
(c) अनिश्चित (d) जोखिमकारी

66. निम्न में से सबसे तेज मेमोरी कौन-सी है?
(a) हार्ड डिस्क (b) डी.वी.डी. रोम
(c) कैश मेमोरी (d) स्टैटिक रैम

67. गाय और मुर्गी के एक झुण्ड में पैरों की संख्या 14 अधिक है सिरों की संख्या के दुगने से। गायों की संख्या है
(a) 5 (b) 7
(c) 10 (d) 12

68. रिक्त संख्या को ज्ञात कीजिये :




(a) 22
(b) 30
(c) 32
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

69. निर्णयन अथवा समस्या समाधान के संदर्भ में निम्नलिखित में से किसका महत्त्व है?
(a) मूल्य का (b) वैधानिकता का
(c) निर्णय का संतुलन (d) उपरोक्त सभी तीन

70. निम्नलिखित में से कौन सा एक अच्छी अनुशासन प्रणाली का सिद्धान्त या अवयव नहीं है?
(a) उत्तरदायित्व निर्धारण करना।
(b) नियमों की जानकारी का होना।
(c) प्रत्येक घटना का पर्याप्त विवरण रखना।
(d) अनुशासनात्मक कार्यवाही के बारे में बता देना।

71. निम्नलिखित में से कौन असशक्तीकरण के स्रोत के रूप में नहीं देखा जाता है?
(a) पूंजीवाद
(b) सहभागी विकास
(c) विकास के शीर्षोधोमुखी उपागम
(d) गरीबी

72. निम्नलिखित में से कौन महिलाओं के लिये आय-उत्पादक कार्यक्रम नहीं है?
(a) एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम
(b) एकीकृत ग्रामीण ऊर्जा कार्यक्रम
(c) ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

73. अन्तर्राष्ट्रीय नीति प्रक्रियाओं में निम्नलिखित में से कौन ऐसी विशिष्ट उपलब्धि नहीं है जिससे कि महिला सशक्तीकरण को अप्रत्यक्ष रूप में निम्न के साथ समान बताया जाए?
(a) राजनीतिक सहभागिता (b) न्यायिक सुधार
(c) रणनीतिक चयन (d) आर्थिक सुरक्षा

74. निम्नलिखित में से किसमें कार्बन नहीं है?
(a) हीरा में (b) ग्रेफाइट में
(c) कोयला में (d) बालू में

75. प्रकाश वर्ष होता है
(a) वह वर्ष जिसमें सूर्य का प्रकाश अधिकतम रहा हो।
(b) वह वर्ष जिसमें कार्यभार हलका रहा हो।
(c) प्रकाश द्वारा एक वर्ष में चली गई दूरी।
(d) सूर्य तथा पृथ्वी के बीच की औसत दूरी।

76. तरुण तथा वृद्ध व्यक्तियों में प्रोटीन की आवश्यकताएँ
(a) लगभग एक समान होती है।
(b) तरुणों में उच्चतर और वृद्धों में न्यूनतर होती है।
(c) वृद्धों में उच्चतर और तरुणों में न्यूनतर होती है।
(d) तरुणों में बहुत अधिक और वृद्धों में बहुत कम होती है।

77. मृगतृष्णा उदाहरण है
(a) अपवर्तन का
(b) पूर्ण आन्तरिक परावर्तन का
(c) प्रकीर्णन का
(d) विवर्तन का

Drishti IAS

78. इन्टरनेट सिस्टम निम्न में से किस तकनीक का प्रयोग करता है?
(a) बस (b) रिंग
(c) स्टार (d) ट्री

79. 'बिट' निम्न में से किसका छोटा रूप है?
(a) मेगाबाइट (b) बाइनेरी लेन्गवेज
(c) बाइनेरी डिजिट (d) बाइनेरी नम्बर

80. माउस को दो बार क्लिक करने पर सूचना जाती है
(a) डॉक्यूमेन्ट्स में (b) वीडियो कार्ड में
(c) सी.पी.यू. में (d) हार्ड ड्राइव में

81. किस प्रकार की डिजिटल फाइलें ई-मेल में सम्बद्ध हो सकती हैं?
(a) संगीत (b) डॉक्यूमेन्ट्स
(c) फोटो (d) उपरोक्त सभी

82. फिजिकल और नेटवर्क लेयर के बीच कौन-सी लेयर पाई जाती है?
(a) डाटा लिन्क लेयर
(b) ट्रान्सपोर्ट लेयर
(c) सेशन लेयर
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

83. डेज़ी व्हील प्रिन्टर का प्रकार है
(a) लेसर (b) डॉट मैट्रिक्स
(c) मैन्युअल (d) इम्पैक्ट

84. इन्डेक्स होल सम्बन्धित है
(a) हार्ड डिस्क से (b) फ्लॉपी डिस्क से
(c) प्रिन्टर से (d) सी.पी.यू. से

85. निम्नलिखित में से कौन सेल्फ कॉम्प्लिमेन्टरी कोड है?
(a) 8421 कोड (b) 5211 कोड
(c) ग्रे कोड (d) बाइनरी कोड

86. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. एसिटिक अम्ल | 1. मक्खन |
| B. लैक्टिक अम्ल | 2. नींबू |
| C. ब्यूटेरिक अम्ल | 3. सिरका |
| D. साइट्रिक अम्ल | 4. दूध |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

87. निम्नलिखित में से किस एक का निर्माण हमारे शरीर में नहीं होता है?
(a) विटामिन A (b) प्रोटीन
(c) एन्ज़ाइम (d) हार्मोन

88. निम्नलिखित गैसों में कौन-सी एक गैस धरती पर जीवन के लिये हानिकारक और लाभदायक दोनों है?
(a) ऑक्सीजन (b) ओज़ोन
(c) नाइट्रोजन (d) कार्बन-डाइऑक्साइड

89. बेसिक निम्न में कौन सी भाषा है?
(a) प्रोसीजरल
(b) ऑब्जेक्ट ओरिएण्टेड
(c) (a) एवं (b)
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

90. निम्नलिखित ग्रहों में से किसके उपग्रह नहीं हैं?
(a) पृथ्वी (b) मंगल
(c) बृहस्पति (d) शुक्र

91. भूमण्डलीय तापन का कारण है
(a) भारी वर्षा
(b) कार्बन-डाइऑक्साइड में वृद्धि
(c) कार्बन डाइऑक्साइड में कमी
(d) वनों में वृद्धि

92. एन्ज़ाइम्स मूलतः होते हैं
(a) शर्करा (b) प्रोटीन
(c) वसा (d) विटामिन

93. संविधान का कौन सा भाग कल्याणकारी राज्य का आदर्श घोषित करता है?
(a) मौलिक अधिकार
(b) मौलिक कर्त्तव्य
(c) प्रस्तावना
(d) राज्य के नीति निर्देशक तत्त्व

94. लोक सभा चुनाव 2014 पूरे देश में तथा उत्तर प्रदेश में क्रमशः कितने चरणों में सम्पन्न हुए?
(a) 09 तथा 07 चरणों में
(b) 09 तथा 06 चरणों में
(c) 07 तथा 07 चरणों में
(d) 06 तथा 06 चरणों में

95. दक्षिण कोरिया ने अप्रैल 2014 में एक नए बेलिस्टिक प्रक्षेपपास्त्र का परीक्षण किया है जिसका लक्ष्य/निशाना है
(a) 400 किमी (b) 500 किमी
(c) 600 किमी (d) 700 किमी

Drishti IAS

96. कम्प्यूटर की पावर बंद करने पर किस शॉर्ट टर्म मेमोरी का डाटा स्वत: खत्म हो जाता है?
(a) सी.पी.यू. (b) हार्डवेयर
(c) प्रोसेसर (d) रैम

97. भारतीय संसद की लोक लेखा समिति के चेयरमैन को कौन मनोनीत करता है?
(a) लोक सभा अध्यक्ष (b) प्रधानमंत्री
(c) भारत का राष्ट्रपति (d) राज्स सभा का सभापति

98. निम्न में से किसने अप्रैल 2014 में बांग्लादेश में सम्पन्न आई.सी.सी. विश्व टी-20 भारत तथा श्रीलंका के फाइनल मैच में श्रीलंकाई टीम का नेतृत्व किया था?
(a) कुमार संगाकारा ने (b) महेला जयवर्धन ने
(c) लसिथ मलिंगा ने (d) कुशल परेरा ने

99. 'भारतीय पत्रकार संघ' की प्रथम महिला अध्यक्ष जिन्हें हाल में लन्दन में चुना गया
(a) रूपांजना दत्ता (b) झुम्पा लाहिड़ी
(c) अदिति खन्ना (d) शोमा चौधरी

100. किस शहर ने 12वाँ 'प्रवासी भारतीय दिवस 2014' आयोजित किया?
(a) मुम्बई ने (b) कोलकाता ने
(c) नई दिल्ली ने (d) हैदराबाद ने

101. 20 जनवरी, 2014 को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने जैन समुदाय को अल्पसंख्यक का दर्जा दिया। अब जैन समुदाय किस नम्बर का अल्पसंख्यक समुदाय है?
(a) तृतीय अल्पसंख्यक समुदाय
(b) चतुर्थ अल्पसंख्यक समुदाय
(c) पंचम अल्पसंख्यक समुदाय
(d) छठवाँ अल्पसंख्यक समुदाय

102. निम्न में से किन दो लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों से समाजवादी पार्टी नेता मुलायम सिंह यादव ने लोक सभा चुनाव 2014 लड़ा?
(a) मैनपुरी तथा आज़मगढ़
(b) आज़मगढ़ तथा बदायूँ
(c) फिरोज़ाबाद तथा मैनपुरी
(d) आज़मगढ़ तथा फिरोज़ाबाद

103. केन्द्र सरकार द्वारा मार्च 2014 में लोक सभा चुनाव के वर्तमान व्यय की सीमा ₹ 40 लाख से बढ़ाकर कर दी गई:
(a) ₹ 50 लाख (b) ₹ 60 लाख
(c) ₹ 70 लाख (d) ₹ 75 लाख

104. निम्नलिखित तिथियों में से किस एक को तुर्को ने प्रथम अन्तरमहाद्वीपीय समुद्र के भीतर रेलवे का आरम्भ किया?
(a) 27 अक्तूबर, 2013 को
(b) 28 अक्तूबर, 2013 को
(c) 29 अक्तूबर, 2013 को
(d) 30 अक्तूबर, 2013 को

105. फरवरी 2014 में निम्न में से किसको सरस्वती सम्मान 2013 प्रदान किया गया है?
(a) गोविन्द मिश्र को (b) अशोक वाजपेयी को
(c) डॉ. नामवर सिंह को (d) मृणाल पाण्डे को

106. निम्न में से किसने मार्च, 2014 में साउथ एशियन एसोसिएशन फॉर रीजनल कोऑपरेशन (सार्क) के महासचिव का पदभार ग्रहण किया?
(a) अहमद सलीम ने (b) अरविन्द सेन ने
(c) अर्जुन बहादुर थापा ने (d) सी.एम. सिंघे ने

107. कम्प्यूटर के बेसिक फंक्शन्स को कौन-सा प्रोग्राम नियंत्रित करता है?
(a) ऑपरेटिंग सिस्टम (b) मदर बोर्ड
(c) हार्ड ड्राईव (d) सी.पी.यू.

108. मई, 2014 में भारत ने अपने प्रथम हवा से हवा में मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल का सफल परीक्षण किया - इसका नाम है
(a) आकाश (b) अस्त्र
(c) त्रिशूल (d) प्रहार

109. वर्ड-डॉक्यूमेन्ट, वीडियो या MP3 किस प्रकार का है?
(a) फोल्डर (b) टेम्प्लेट
(c) फाईल (d) आईकन

110. कम्प्यूटर का जनक किसे कहा जाता है?
(a) लॉर्ड वैलिंगटन (b) जैक किलबी
(c) बिल गेट्स (d) चार्ल्स बैबेज

111. अगर इलाहाबाद की जनसंख्या गोरखपुर से अधिक है और वाराणसी की जनसंख्या इलाहाबाद से अधिक है जबकि लखनऊ की जनसंख्या वाराणसी से अधिक है किन्तु दिल्ली से कम है तो इन शहरों में सबसे कम जनसंख्या का कौन है?
(a) इलाहाबाद (b) गोरखपुर
(c) वाराणसी (d) लखनऊ

112. निम्नलिखित में से वह कौन सा शब्द है जिसका अर्थ अनुरूप, उपयुक्त तथा उचित तीनों ही हैं?
(a) पूर्ण (b) पर्याप्त
(c) बेतुका (d) समुचित

113. जैसे नौकाएँ घोड़े हैं उसी तरह नौचालन है________।
(a) अश्वारोही दल (b) विसर्पण
(c) घुड़सवारी (d) नौयात्रा

114. हमारे जीवन में खेल का क्यों महत्त्व है?
(a) क्योंकि यह काम करने से छुटकारा देता है।
(b) क्योंकि यह मनोरंजन का अच्छा माध्यम है।

(c) क्योंकि इससे मित्रता बढ़ती है।

(d) क्योंकि इससे नियम पालन में सहायता मिलती है।

115. निम्नलिखित में से कौन उस वर्ग का नहीं है जिसके अन्य सब हैं?

(a) बछड़ा (b) बकरी का बच्चा

(c) भेड़ का बच्चा (d) सिंह का बच्चा

116. निम्नलिखित में से कौन-सा एक शब्द व्यक्तित्व गुण का संकेतक है?

(a) धनवान (b) प्रभावशाली

(c) प्रसिद्ध (d) अस्थिरचित्त

117. 'दान की बछिया के दाँत नहीं देखे जाते' इस कहावत का अर्थ है

(a) दान की वस्तु में दोष नहीं ढूँढ़ते।

(b) बछिया के मुँह में झाँकना सुरक्षित नहीं है।

(c) भेंट की वस्तु को शालीनता से स्वीकार कर लेना चाहिये बिना उसके मूल्य के छानबीन के।

(d) बछिया के मुँह में झाँककर उसकी आयु का निर्णय नहीं किया जा सकता।

118. जिस प्रकार कुरूपता और मनोहारिता है उसी प्रकार सौन्दर्य और_______________है?

(a) आकर्षक (b) घृणास्पद

(c) ध्यान भंगकारी (d) आक्रामक

119. निम्नलिखित संख्याओं की शृंखला में अन्त में कौन संख्या आएगी?

2, 5, 11, 20, 32, ......?

(a) 44 (b) 35

(c) 47 (d) 39

120. निम्न में से कौन-सा समीचीन क्रम है?

(a) सुनना, सोचना, विश्वास करना, कार्य करना

(b) विश्वास करना, सुनना, सोचना, कार्य करना

(c) सोचना, विश्वास करना, सुनना, कार्य करना

(d) विश्वास करना, कार्य करना, सोचना, सुनना

Drishti IAS